भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545
e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनाकं 15-08-2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी सनाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

16/08/2024
~~(सहायक निदेशक)~~ EAD (HM)

उपनिदेशक 16/08/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.)

हिन्दुस्तान (15-08-2024)

### पहले पखवाड़े में बारिश का आंकड़ा 200 मिलीमीटर से ऊपर पहुंचा

# अगस्त में तीन साल बाद मेहरबान हुए बादल, 15 दिन में ही रिकॉर्ड बारिश

**मौसम का मिजाज**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी पर तीन वर्षों बाद बादलों की इतनी मेहरबानी देखने को मिल रही है। अगस्त के पहले पखवाड़े में ही बारिश का आंकड़ा 200 मिलीमीटर से ऊपर पहुंच चुका है।

मानसून पूर्व की बारिश के मामले में इस बार दिल्ली लगभग खाली हाथ रही। जून के पहले तीन सप्ताह बिलकुल ही सूखे रहे, लेकिन 28 अगस्त को जब मानसून का आगमन हुआ तो रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई। एक ही दिन में लगभग 228 मिलीमीटर पानी बरसा। जुलाई में बारिश का आंकड़ा लगभग सामान्य रहा, लेकिन अगस्त में फिर से बादल रिकॉर्ड तोड़ने में जुट गए हैं। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अभी तक लगभग 208 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है। अगस्त का महीना अभी आधा ही बीता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगस्त में वर्ष 2023 में 91.8 मिलीमीटर और वर्ष 2022 में 41.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। हालांकि, 2021 में 214.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। यानी पिछले तीन वर्षों में इस बार अगस्त की बारिश का आंकड़ा सबसे ज्यादा है। अगर पिछले 15 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2010 में सबसे ज्यादा 455 मिलीमीटर बारिश हुई थी।



राजधानी में अगस्त के पहले पखवाड़े में ही अच्छी बारिश दर्ज की गई है। बुधवार को यमुना नदी में लोहे के पुल के नीचे जलस्तर बढ़ा दिखाई दिया। • विपिन कुमार

**14 में से 14 दिन बारिश:** दिल्ली में अगस्त में मानसून की मेहरबानी को इससे भी समझा जा सकता है कि महीने के अभी तक बीते चौदह दिनों में से तेरह दिन बारिश हुई है। सिर्फ तीन अगस्त का ही दिन ऐसा रहा था जब हल्की बूंदाबांदी भी नहीं हुई। वहीं, एक अगस्त को सबसे ज्यादा 107.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

## राजधानी में हल्की से मध्यम बारिश के आसार

नई दिल्ली, प्र.सं.। राजधानी में अगले दो दिनों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच, बुधवार को दिनभर धूप निकलने से तापमान में दो डिग्री का इजाफा हुआ। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्के बादल छाए रहे, लेकिन बाद में आसमान साफ होने और तेज धूप निकलने से तापमान में इजाफा हुआ। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 35 .4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**लगातार 18वें दिन हवा साफ रही :** दिल्ली में लगातार हो रही बारिश का असर प्रदूषण पर भी साफ देखा जा सकता है। मौसम की मेरहबानी से दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 79 अंक पर रहा।